कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व परिवार का एक मुख्य सदस्य कामता सिंह अब नहीं रहे

दिनांक 25.12.2011 को टी–4 निगरानी पार्टी से सम्बन्धित एक सदस्य श्री कामता सिंह अब नहीं रहे। उनका अचानक किसी बीमारीबश निधन हो गया है। जब से टी–4 का रेडियो कालर उतर गया था तब से टी–4 की निगरानी टीम के श्री कामता सिंह एक मुख्य सदस्य रहे हैं। बगैर रेडियो कालर के बाघिन का अनुश्रवण करना कितना कठिन होता है, पन्ना के जंगलों से परिचित लोग ही इसका अन्दाजा लगा सकते हैं, फिर भी इनके उत्साह में कभी कमी नहीं दिखी। टी–4 की अनुश्रवण टीम के अन्य सदस्यों के साथ लगभग हर दिन टी–4 की उपस्थिति हासिल करने में कामयाब रहे। दिनांक 15.12.2011 को जब टी–4 का एक शावक को देखने की टीम में यह भी मौके पर उपस्थित थे। उस वक्त शेरनी को टस करने पर ये मौके पर गिर गये थे और चोट भी पहुंची। इस प्रकार अपनी जान पर जोखिम लेकर बाघों का अनुश्रवण करना व आवश्यक सुरक्षा प्रदाय करने में श्री कामता सिंह एक मिसाल रहे। इसी उपलक्ष में दिनांक 26.12.2011 को टी–3 पुनः पन्ना बाघ परिवार में शामिल करने के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर से सम्बन्धित 02 कार्यक्रम (कबि सम्मेलन एवं कर्मचारियों का मोटिवेशन प्रशिक्षण) स्थिगित किया गया हैं। क्षेत्र संचालक के द्वारा इनके परिवार को राहत राशि के रूप में अपने बाघ मित्र पुरस्कार की राशि में से रु0 50000/– देने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही पूरे पन्ना टाईगर रिजर्व परिवार की ओर से रु. 50000/– एकत्रित कर दिये जाने इनके परिवार को दिया जावेगा। पन्ना टाईगर रिजर्व वर्कर्स, सहकारी कामगार समिति मर्यादित पन्ना से भी रु0 50000/– की राशि प्रदाय की जावेगी। इस प्रकार इस परिवार को पन्ना टाईगर रिजर्व की ओर से वित्तीय व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। भविष्य में इनके नाम से पार्क में अच्छा कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए प्रतिवर्ष एक अवार्ड दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु प्रायोजकों की खोज जारी है।

''जय हिन्द''

दिनांक– 26.12.2011

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना